## (10) ट्रेड--बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्मिक (मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक सहित)

**कक्षा–11**

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–**

**प्रथम प्रश्न-पत्र**

**(जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण)**

**इकाई-2-दीर्घ पर्यावरण--**

**दीर्घ पर्यावरण**--भौतिक ग्रह, जल-गुणवत्ता में सुधार, नदियों, जल स्रोतों के प्रदूषण का नियंत्रण, वातावरण प्रदूषण, स्वच्छता निपटान एवं सामुदायिक अपशिष्ट का पुनः चक्रीकरण। जीव वैज्ञानिक रोगकारक नियंत्रण। सामाजिक-सामुदायिक व्यवस्था जिसके द्वारा वर्तमान स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग किया जा सके।

**लघु पर्यावरण**--भोजन एवं पोषण व्यवहार के प्रति विशेष सन्दर्भ सहित पारिवारिक स्तर पर मध्यस्थता, परिवार का स्वच्छता व्यवहार, बच्चे की भोजन व सफाई प्रथा, गृह संभाल तथा दुर्घटना से रोक-थाम।

**इकाई-3-भारत में स्वास्थ्य नीति--**

**6--उप सम्भागीय स्तर--उप समभागीय अस्पताल।**

**9--राष्ट्रीय स्तर**--(क) स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार।

**द्वितीय प्रश्न-पत्र**

**(मानव शरीर क्रिया विज्ञान)**

**इकाई-1-शारीरिक**

**मानव शरीर का सामान्य परिचय**--(वृक्क संरचना); अंतःस्रावी तंत्र (नाम, स्थिति एवं कार्य); संवेदी अंग (आंख, नाक व कान); केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र।

**2-सूक्ष्म जीव विज्ञान**-- स्थानान्तरण एवं संरक्षण।

**तृतीय प्रश्न-पत्र**

**(चिकित्सा एवं जैव रसायन)**

**इकाई-3-जल एवं खनिज चयापचय-**

गन्दा पानी, बाइकार्बोनेट व पी0 एच0, कैल्शियम, फास्फोरस, सोडियम, पोटेशियम, क्लोरीन, आयरन, आयोडीन, कुछ महत्वपूर्ण हारमानों के कार्य, चयापचय के जन्मजात मामले, कुछ उदाहरण।

**चतुर्थ प्रश्न-पत्र**

**सूक्ष्म जैविकी**

**इकाई-2-जीवाणु विज्ञान में प्रयोगशाला परीक्षण** -पानी का जीवाण्विक परीक्षण, दूध का जीवाण्विक परीक्षण।

**इकाई-3-विभिन्न जीवाणुओं को पहचानने की विधि-**

**ग्राम ऋणात्मक बैसिली-** (ग) ग्लूकोज आक्सीकारक : स्यूडोमोनास ; स्पाइरो केक्टस, ट्रेपेनोमा, लैप्टोस्पाइरा, बौरलिया।

**पंचम प्रश्न-पत्र**

**(चिकित्सकीय रोग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी)**

**इकाई-1-रुधिर विज्ञान-**

**परासरण भंगुरता परीक्षण**-स्क्रीनिंग, मात्रात्मक परीक्षण, सामान्य स्तर, भंगुरता को प्रभावित करने वाले कारक, व्याख्या सामान्य एवं असामान्य लाल कोशिकाओं की आकारिकी।

**इकाई-2-इम्युनोहिमेटोलाजी व रक्त बैंक प्रौद्योगिकी**

**कूम्ब परीक्षण**-प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष, एण्टीबॉडी का टाइट्रेशन।

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

## (10) ट्रेड--बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्मिक (मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक सहित)

**उद्देश्य--**

1--मानव शरीर की संरचना एवं कार्मिकी का ज्ञान प्राप्त करना।

2--स्वस्थ रहने के लिये स्वच्छता के नियमों का ज्ञान प्राप्त करना।

3--स्वास्थ्य रक्षा के क्रियाकलाप, प्राथमिक चिकित्सा सहायता और छोटे रोगों के उपचार का ज्ञान प्राप्त करना।

4--बीमारी के निदान व उपचार में चिकित्सक की सहायता करना।

5--प्रयोगशालाओं तथा चिकित्सा नीति शास्त्र के प्रबन्धन का ज्ञान प्राप्त करना।

6--विभिन्न परीक्षण करना एवं व्याख्या करना।

7--एक चिकित्सीय प्रयोगशाला व्यवस्थित कर चलाना।

8--स्वतन्त्र रूप से समस्याओं से निपटने के लिए सक्षमता एवं आरम्भिक चरणों को विकसित करना।

**पाठ्यक्रम--**

इस ट्रेड में तीन-तीन घंटे के पांच प्रश्न-पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा :

| | पूर्णांक | | उत्तीर्णांक | |
|---|---|---|---|---|
| **(क) सैद्धान्तिक--** | | | | |
| प्रथम प्रश्न-पत्र | 60 | 300 | 20 | 100 |
| द्वितीय प्रश्न-पत्र | 60 | | 20 | |
| तृतीय प्रश्न-पत्र | 60 | | 20 | |
| चतुर्थ प्रश्न-पत्र | 60 | | 20 | |
| पंचम प्रश्न-पत्र | 60 | | 20 | |
| **(ख) प्रयोगात्मक--** | 400 | | 200 | |

**नोट**--परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न-पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

**प्रथम प्रश्न-पत्र**

**(जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण)** **60 अंक**

इकाई-1--जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण 10 अंक

**स्वास्थ्य, बीमारी एवं पर्यावरण**--स्वास्थ्य की संकल्पना, स्वास्थ्य की परिभाषा, बीमारी की संकल्पना, संक्रमक एवं संचारित होने वाली बीमारी, संचारित न होने वाली एवं विघटनकारी बीमारियां, पर्यावरण, कारक एवं परपोषी के मध्य पारस्परिक क्रिया-परिणामतः बीमारियां एवं स्वास्थ्य, बीमारियों के संचारित होने के माध्यम-सम्पर्क, वायु से फैलने वाली, पानी द्वारा, रोगकारक द्वारा फैलने वाली बीमारियां, कृषि क्षेत्र, सेवा में एवं प्रबन्धन सेवा में एवं औद्योगिक स्थिति में व्यावसायिक बीमारियां, स्वास्थ्य एवं बीमारियों के सन्दर्भ में पर्यावरण।

**इकाई-2-दीर्घ पर्यावरण--**

भौतिक ग्रह, जल वायु, ऊष्मा, विकिरण। जैविक सूक्ष्मजीव, आर्थोपोडा के जीव,

10 अंक

जूनोसिस के विशेष सन्दर्भ में जन्तु, स्वास्थ्य की देखभाल के जीव वैज्ञानिक पर्यावरण की भूमिका। सामाजिक-समुदाय, परिवार सामाजिक स्तर, सामाजिक-आर्थिक स्तर एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वास्थ्य का अन्तर्सम्बन्ध नेतृत्व।

**सूक्ष्म पर्यावरण**--प्रतिरक्षा एवं प्रतिरक्षीकरण, व्यक्तिगत स्वच्छता में प्रशिक्षण, पारिवारिक स्तर पर पोषण एवं भोजन के सिद्धान्तों का उपयोग, नियंत्रण एवं रोकथाम। व्यक्तिगत, परिवार तथा सामुदायिक स्तर पर मध्यस्थता कार्यक्रम, भौतिक पर्यावरण के आस-पास केन्द्रित मध्यस्थता कार्यक्रम।

**व्यक्तिगत स्तर पर मध्यस्थता**--व्यक्तिगत स्वच्छता, दोषपूर्ण शारीरिक स्थिति में सुधार, धूम्रपान, भोजन व्यवहार, कम भोजन का व्यवहार, शराब पीना, नशीली दवा का सेवन, लैंगिक अविवेक जैसी व्यवहारगत आदतों में बदलाव।

**कार्य के वातावरण में मध्यस्थता**--संस्थागत, उपकरण, प्रक्रिया तथा उत्पाद सम्बन्धित खतरों को टालना, सुरक्षा तरीके, नियमित चिकित्सकीय परीक्षण, प्राथमिक सहायता स्वास्थ्य रक्षा आपूर्ति तन्त्र तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति।

**स्वास्थ्य रक्षा आपूर्ति तन्त्र**--प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, द्वितीयक व तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल, प्रोत्साहन स्वास्थ्य देखभाल, रोकथाम, उपचारात्मक एवं पुनर्वास स्वास्थ्य रक्षा।

सामाजिक औषधि, समाजीकृत औषधि, बचाव की औषधि, सामुदायिक औषधि, जन स्वास्थ्य की संकल्पना।

**इकाई-3-भारत में स्वास्थ्य नीति--**

भारत के संविधान में स्वास्थ्य के प्रावधान, स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रशासन एवं प्रबन्धन भारत के विभिन्न स्तरों पर। 20

स्वास्थ्य रक्षा आपूर्ति तन्त्र की व्यवस्था।

**1--ग्राम स्तर**--प्रशिक्षित जन्म सहायक, ग्राम स्वास्थ्य निदेशक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

**2--उपकेन्द्र स्तर**--महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं उनके कार्य।

**3--खण्डीय स्तर**--पुरुष एवं महिला स्वास्थ्य निरीक्षक।

**4--प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र**--संस्था, कर्मचारी और कार्य।

**5--सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र**--संस्था, कर्मचारी और कार्य।

**7--जिला स्तर**--जिला स्वास्थ्य संस्था, कर्मचारी व उनके कार्य।

**8--राज्य स्तर**--स्वास्थ्य विभाग, निदेशालय।

**9--राष्ट्रीय स्तर--**

(ख) राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम।

(ग) सन्दर्भ एवं शीर्ष स्वास्थ्य संस्थायें एवं प्रयोगशालायें।

**इकाई-4--अस्पताल व्यवस्था एवं पोषण** (10 अंक)

**अस्पताल का संगठन (प्रशासन)**--प्रबन्धन, कार्य व उनके उपयोग, अस्पताल-परिभाषा (विश्व स्वास्थ्य संगठन), अस्पतालों के प्रकार (शासकीय, निजी स्वयंसेवी संस्थायें आदि), अस्पताल की सेवायें, (वाहृय रोगी विभाग/अन्तरंग रोगी विज्ञान/आपातकालीन गहन, देखभाल इकाई), रिटर्न रिपोर्ट तथा अस्पताल के अन्य अभिलेख (इण्डेण्ट पुस्तक, रजिस्टर, लाग बुक आदि), अस्पताल तथा समुदाय, अस्पताल के खतरे।

**इकाई-5-भोजन एवं पोषण** **10 अंक**

पोषण के आरम्भिक विचार, विटामिनों, हारमोनो, खनिजों तथा ट्रेस तत्वों का मूल ज्ञान, कमी से होने वाले रोग, पोषण की अनियमिततायें।

**स्वास्थ्य शिक्षा**--व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य शिक्षा के लक्ष्य व उद्देश्य, संचार-माध्यम।

## द्वितीय प्रश्न-पत्र

## (मानव शरीर क्रिया विज्ञान) 60 अंक

**इकाई-1-शारीरिक** **(50 अंक)**

**मानव शरीर का सामान्य परिचय**--शारीरिक परिभाषा, स्थलाकृतिक पदों की परिभाषा, शरीर के वर्णन में प्रयुक्त पर, शरीर के ऊतक व कोशिकाएं, ऊपरी व निम्न भुजाओं के जोड़, जोड़ों की संरचना, लिगामेण्ट, फेसिया व बुर्सा, पेशीय अस्थि तन्त्र (ऊपरी व निम्न सीमाएं), परिवहन तन्त्र, लसीका तंत्र (संरचना, कार्य, लसीका ग्रन्थि), श्वसन तंत्र (श्वसन मार्ग एवं अंग); पाचन तंत्र (प्राथमिक गुहिका संरचना); मूत्र प्रजनन तंत्र (पुरुष व महिला अंग,)

**2-सूक्ष्म जीव विज्ञान**--सूक्ष्मदर्शी एवं सूक्ष्मदर्शिकी-परिचय, सूक्ष्म जीव वर्गीकरण, नमूनों का संग्रहण, महामारी का अध्ययन, **(10 अंक)**

## तृतीय प्रश्न-पत्र

## (चिकित्सा एवं जैव रसायन)

**60 अंक**

**इकाई-1-विश्लेषक जैव रसायन एवं उपकरण विज्ञान** **(30 अंक)**

**विश्लेषक जैव रसायन**--जैव रसायन, विश्लेषण, जैव रसायन के लक्ष्य एवं विस्तार, विलयन की परिभाषा, सान्द्रता व्यक्त करने की विधियाँ, तनुता सम्बन्धी समस्यायें, विशिष्ट गुरुत्व।

**उपकरण विज्ञान**--विश्लेषण तुला, अपकेन्द्रण यन्त्र, वर्णामिति व स्पेक्ट्रोफोटोमिति, ज्वाला फोटोमिति, क्रोमैटोग्राफी, विद्युत कण संचालन, रक्त गैस विश्लेषक, लाइफोलाइजर, फोटोमीटर, टी0टी0, टी0एस0एच0 आंकलन उपकरण।

**इकाई-2-चयापचय** **(30 अंक)**

**कार्बोहाइड्रेट चयापचय**--ग्लायकोलिसिस व टी0 सी0 ए0 चक्र, ग्लायकोजन चयापचय, ग्लकोजेनेसिस, रक्त ग्लूकोज अवस्थापन, रक्त ग्लूकोज का मापन, ग्लूकोज सहनशीलता, परीक्षण, मधुमेह, वृक्कीय ग्लायकोसूरिया। वसा चयापचय स्टीराइड्स-कॉलेस्टोरॉल, ट्राइग्लिसराइड, लिपोप्रोटीन, प्रोटीन चयापचय--यूरिया निर्माण, क्रिएटिनिन, प्रोटीनूरिया, एडमा, ट्रान्सएमिनेसेज, प्रोटीन का अवक्षेपण।

## चतुर्थ प्रश्न-पत्र

## सूक्ष्म जैविकी 60 अंक

**इकाई-1-सूक्ष्म जीव विज्ञान** **(20 अंक)**

सूक्ष्म जीव विज्ञान तथा मूल प्रयोगशाला आवश्यकताओं का परिचय, सूक्ष्मजीव विज्ञान का परिचय, परिभाषा एवं विस्तार, सूक्ष्मजीव एवं उनका वर्गीकरण, जीवाणु संरचना, पोषण तथा वृद्धि आवश्यकतायें, जीवाण्विक विष एवं एन्जाइम, जीवाण्विक संक्रमण, जीवाण्विक अध्ययन, प्रयोगशाला आवश्यकतायें तथा सामान्य प्रयोगशाला उपकरणों का उपयोग-इन्क्यूबेटर, गर्म वायु का अँवन, जल ऊष्मक, अवायवीय जार, आटोक्लेव, निर्वात पम्प, माध्यम डालने का कक्ष, रेफ्रिजेरेटर, श्वसनमापी, अपकेन्द्रण यंत्र, सूक्ष्मदर्शी का सिद्धान्त-संचालन तथा उपयोग, निजमीकरण व विसंक्रमण, भौतिक रासायनिक एवं यांत्रिक विधियाँ, संदूषित माध्यम का निपटान, माध्यम का विसंक्रमण, सिरिंज, काँच का सामान, उपस्कर, संवर्धन माध्यम उनकी निर्मित व उपयोग, सूक्ष्म जैविक परीक्षण के लिए चिकित्सकीय सामग्री का संग्रहण, तकनीशियन के करने व न करने योग्य बिन्दु।

**इकाई-2-जीवाणु विज्ञान में प्रयोगशाला परीक्षण** **20 अंक**

प्रयोगशाला परीक्षणों की विधियां, लटकती बूंद निर्मित, अभिरंजित निर्मित साधारण, ग्राम, जील नील्सन, अल्वर्ट स्पोर अभिरंजक, ऋणात्मक अभिरंजक, एक विसंक्रमित स्थानान्तरण, जीवाणुओं के संरोपण व पृथक्करण की विभिन्न तकनीकें, प्रयोगशाला में विभिन्न चिकित्सकीय प्रतिदर्शों के संवर्धन, अवायवीय संवर्धन, संवर्धन लक्षणों को पहचानना, जैव रासायनिक प्रतिक्रिया व सीरोटाइपिंग, प्रतिजैविक संवेदनशीलता परीक्षण,

**इकाई-3-विभिन्न जीवाणुओं को पहचानने की विधि-** **20 अंक**

ग्राम धनात्मक कोकाई : स्ट्रेफिलाकॉकस, स्ट्रेप्टो कॉकस, निमोकोकाई, ग्राम ऋणात्मक कोकाई : मोनोकॉकस कोरीने बैक्टीरियम डिफ्थीरी, माइको बैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस, माइको बैक्टीरियम लैप्रस, क्लॉस्ट्रीडियम (अवायवीय बीजाणु धारण करने वाले बैसिलस)।

**ग्राम ऋणात्मक बैसिली**-(क) वायवीय तथा अविकल्पी अवायवीय : एण्टेरो बैक्टीरिएसी ; एस्चरिचिया कोलाई, साल्मानेला शिगेला, क्लेबसीला, एण्ट्रोबैक्टर : प्रोटीन समूह, ब्रुसेल्स, बोडेरेला, हीमोफिलस।

(ख) ऑक्सीडेज धनात्मक ग्लूकोज किण्वक : विब्रिओ कॉलेरी।

**पंचम प्रश्न-पत्र**

**(चिकित्सकीय रोग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी)** **60 अंक**

**इकाई-1-रुधिर विज्ञान-** **20 अंक**

**रुधिर विज्ञान का परिचय**-रक्त संग्रह, प्रति स्कंदक।

**लाल रक्त कोशा**-हीमोसाइटोमीटर, विधियाँ, गणना।

**श्वेत रक्त कोशा**-विधियाँ, गणना।

**अवकल श्वेत रक्त कण संख्या**-श्वेत कोशाओं की आकारिकी, सामान्य संख्या, रोमनोस्काय अभिरंजक, अभिरंजन विधि, गणना विधि।

**इओसिनोफिल परम संख्या**-ई0 एस0 आर0, वेस्टरग्रेन की विधि, विन्टॉव विधि, ई0एस0आर0 को प्रभावित करने वाले कारक, महत्व एवं सीमायें, सामान्य स्तर।

**हीमोग्लोबिन आंकलन**-वर्णमिति, रासायनिक,गैसोमेट्रिक, एस0जी0, विधियां, चिकित्सकीय महत्व।

**प्लेटलेट्स**-गणना व महत्व।

**रेटिकुलोसाइट गणना**-विधि, आकार-प्रकार, सामान्य स्तर, सिकल कोशिका निर्मित।

**स्कंदन परीक्षण**-स्कंदन की प्रक्रिया, कारक, परीक्षण, रक्तस्राव की अवधि ; सम्पूर्ण रक्तस्राव की अवधि थक्का खींचने का परीक्षण, प्रोथ्रम्बिन समय, टार्निक्वेट परीक्षण, प्लेटलेट गणना।

**इकाई-2-इम्युनोहिमेटोलाजी व रक्त बैंक प्रौद्योगिकी** **(20 अंक)**

**परिचय व इतिहास**-मानव रक्त समूह, एण्टीजन, उनकी अनुवांशिकता, एण्टोबॉडी व उनके स्रावक।

**ए0बी0ओ0 रक्त समूह**-नामकरण, एण्टीजन के प्रकार, अनुवांशिकता का मार्ग, एण्टीबॉडी के प्रकार।

**अन्य रक्त समूह तंत्र**-विपरीत मिलान व समूहन की तकनीक।

**रक्त आधान प्रविधि**-कठिनाइयाँ, प्रकार, जांचें तथा आधान प्रतिक्रिया से बचाव, नवजात बच्चों में हीमोलायटिक बीमारी व परस्पर आधान।

**इकाई-3-** **(20 अंक)**

**रक्त समूह**-दाताओं का चयनव छांटना, रक्त संग्रह, उपयोग होने वाले विभिन्न प्रतिस्कंदक, रक्त का भंडारण, कोशिका पृथक्कारक उपकरण व रक्त के विभिन्न संघटकों का आधान, संगठन, संचालन तथा प्रशासन, रक्त बैंक।

**प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम** **पूर्णांक-400**

**इकाई-1-**

**उत्तीर्णांक-200**

**स्वास्थ्य, बीमारी एवं पर्यावरण**-पानी की स्वच्छता, गुणवत्ता का मूल्यांकन, पानी की क्लोरीन मांग, पानी (कुएं) का विरेचन पाउडर द्वारा विसंक्रमण। शुष्क एवं गीले बल्ब थर्मामीटर का प्रदर्शन कैट थर्मामीटर,आरामदायक परिस्थितियों के लिए न्यूनतम-अधिकतम थर्मामीटर।

**क्षेत्रीय कार्य**-निम्नलिखित सामाजिक तथा पर्यावरणीय पक्षों पर विशेष संदर्भ सहित ग्रामों का सर्वेक्षण : जनसंख्या (आयु, लिंग, व्यवसाय के समूह), बीमारी का आक्रमण, भोजन व पोषण प्रथायें, बीमारी के कारणों की जानकारी, अतिसार, मीजल्स, रात्रि-अंधत्व, एंगुलर स्टोमेटाइटिस, ज्वर, खुजली। उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी, ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता उपकेन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अन्य स्थानीय कार्यकर्ता, प्रतिरक्षीकरण स्थिति। मानवीय विष्ठा सहित अपशिष्ट निपटान प्रथायें : जल के स्रोत, उसका संग्रहण, भंडारण एवं उपयोग (आंकड़े संग्रह कर उनका विश्लेषण करने के लिए शिक्षक द्वारा एक प्रपत्र बनाकर छात्रों को दिया जाए।)

**स्वास्थ्य रक्षा आपूर्ति तंत्र तथा अस्पताल संगठन**-क्षेत्र के दौरे-उप केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामूहिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल चिकित्सकीय महाविद्यालय।

**अस्पताल**-वाह्य रोगी सुरक्षा इकाई, रक्त बैंक, चिकित्सीय प्रयोगशाला, प्रतिरक्षीकरण केन्द्र, रसोई, अस्पताल का अस्वीकृत, निपटान, पुनर्वास केन्द्र, केन्द्रीय विसंक्रमण, अभिलेख खण्ड।

**चिकित्सीय महाविद्यालय**-शारीरिक संग्रहालय, शरीर क्रिया विज्ञान प्रयोगशाला, रोग विज्ञान संग्रहालय।

**इकाई-2-**

**शारीरिकी**-अंगों के सतही चिन्हों का प्रदर्शन, हृदय, फेफड़े, यकृत, स्प्लीन, आमाशय, महत्वपूर्ण अस्थियां, धमनियां, शिरायें, तंत्रिकायें, जोड़। धमनियां-कैरोटिड, बैकियल, मेडियल, एण्टीरियर, टिबियल। शिरायें-जुगलर, क्यूबिटिल फीमोरेल सेफनेस।

**तंत्रिकाएं**-पश्च, आरिकुलर, अल्नर, लैटरल, पॉपलिटियल व साइटिक।

**अस्थि संरचनाएं**-क्लैविकल, अग्र इलियम, शिखर, पश्च इलिचक शिखर, सुप्रास्टर्नल नॉच, स्टर्नम, पसलियाँ, मेरुदण्ड, अग्र एवं सुपीरियर, पटेला, टिबिया ट्यूबरकल। जोड़ तथा उनकी गतिशीलता, बॉल एवं साकेट जोड़, कंधे एवं कमर का जोड़ हिंज जोड़-कोहनी व घुटने का जोड़।

**सूक्ष्मदर्शियों का अध्ययन**-साधारण एवं संयुक्त-उनके विभिन्न भाग एवं कार्य। कोशिकाओं के प्रकार एवं मूल प्रकार के ऊतक। हस्तन, भोजन व प्रजनन। पिंजरों की सफाई, शव परीक्षा एवं निपटान। विभिन्न माध्यमों की निर्मिति, डालना एवं भंडारण। लटकती बूंद का हस्तन।

**ऊत्तक प्रौद्योगिकी**

स्थिरीकरण, प्रसंसाधन, संचेतन व चयन, स्लाइडों को काटकर तैयार करना। चाकू तेज करना, स्थिरीकरण तैयार करना, विकल्सीकृत करने वाले द्रव, स्लाइड पर सेक्सन को चिपकाना, कोशिका विज्ञान आलेप की निर्मिति व स्थिरीकरण तथा पैपिन कोलाऊ अभिरंजन तकनीकें।

**उपकरणों की सूची एवं मूल्य निर्धारण**

| क्र0 सं0 | उपकरणों के नाम | अनुमानित मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | | रु0 |
| 1 | संयुक्त सूक्ष्मदर्शी | 3,500 |
| 2 | विसंक्रामक | 1,500 |
| 3 | हाट प्लेट (विद्युत) | 1,000 |
| 4 | बुन्सन बर्नर सहित गैस सिलिण्डर | 800 |
| 5 | स्पिरिट लैम्प | 25-प्रति |
| 6 | मेज पर रखने योग्य अपकेन्द्रण यंत्र अथवा 12 बकेट सहित | 200 |
| 7 | रेफ्रिजरेटर 165 अथवा 230 ली0 | 5,000 |
| 8 | कैलोरीमापी | 1,500 |
| 9 | गर्मवायु अवन | 3,000 |
| 10 | जल ऊष्मक | 300 |
| 11 | रिंगर टाइमर | 1,500 |
| 12 | विश्लेषक तुला | 200 |
| 13 | भौतिक तुला (2 या 5 कि0) | 500 |
| 14 | टाइपराइटर | 3,000 |
| 15 | फ्लेम फोटोमीटर | 10,000 |
| 16 | स्पेक्ट्रो फोटोमीटर | 10,000 |
| 17 | फ्लूओरोमीटर | 10,000 |
| 18 | छोटा गामा काउण्टर | 14,000 |
| 19 | वोल्टेज स्टेबलाइजर | 500 |
| 20 | बोर्टेक्स मिक्सर | 400 |
| 21 | आर0आई0ए0 ट्यूब अपकेन्द्रित करने के लिए अपकेन्द्रक यंत्र | 4,000 |
| 22 | पी0 एच0 मीटर | 2,500 |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | गर्म वायु ब्लोअर | 2,000 |
| 24 | 37 से0 इन्क्यूबेटर | 2,000 |
| 25 | मफल भट्ठी | 500 |
| 26 | इलेक्ट्रो फोरेसिस | 3,000 |

**प्रयोगशाला सामग्री**

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | अनुमानित मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | | रु0 |
| 27 | सादी शीशे की स्लाइडें | |
| 28 | नीडिल | |
| 29 | स्पिरिट | |
| 30 | रुई | |
| 31 | स्पेसीमेन ट्यूब कार्ड्स सहित | |
| 32 | ग्लास स्प्रेडर | |
| 33 | स्लाइड बाक्स पालीथीन | |
| 34 | टेस्ट ट्यूब (माइरेक्स) | 7,500 |
| 35 | यूरीन फ्लैक्स | |
| 36 | टेस्ट ट्यूब ब्रश | |
| 37 | टेस्ट ट्यूब होल्डर | |
| 38 | टेस्ट ट्यूब स्टैण्ड | |
| 39 | स्पिरिट लैम्प | |
| 40 | बीकर | |
| 41 | यूरिनोमीटर | |
| 42 | मैजरिंग सिलेण्डर 50 एम0एम0 | |
| 43 | थर्मामीटर | |
| 44 | ड्रापर | |
| 45 | फारसेप्स | |
| 46 | काच ग्लास | |
| 47 | पिपेट | |
| 48 | पेनसिलीन बोतलें | |
| 49 | शाहली डीमोग्लोबिनोमीटर | |
| 50 | शाहली ग्रेड्एटेड पिपेट | 7,500 |
| 51 | छोटी ग्लास रॉड | |
| 52 | ड्रापिंग पिपेट | |
| 53 | एक्जाबेन्ट पेपर | |
| 54 | लिंटमस पेपर | |
| 55 | ब्यूरेट | |
| 56 | ड्रापर बोतल | |
| 57 | प्रयोगशाला रसायन | |